तापमान
अधिकतम 29 .8 डिग्री
न्यूनतम 17 .5 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 2 नवंबर 2026

12 अंबाला से बजा था 1857 में आजादी की पहली लड़ाई का बिगुल



12 नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर उन्नति कर रहा : मनदीप




स्वामी श्रद्धानन्द जी का जीवन सामाजिक एकता, समरसता और राष्ट्रसेवा की अनुपम मिसाल : राष्ट्रपति

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति निभाएगी अहम भूमिका: मुर्मू

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान शताब्दी समारोह में पहुंचीं राष्ट्रपति, आचार्य देवव्रत की दूरदृष्टि और गुरुकुल के योगदान की मुक्तकंठ से की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र





कुरुक्षेत्र। राष्ट्रपति को स्मृति चिह्न भेंट करते गुरुकुल प्रबंध समिति के सदस्य व स्वागत करते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने में गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गुरुकुल केवल किताबी ज्ञान देने वाले शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और नैतिक मूल्यों को मजबूत आधार प्रदान करने वाले केंद्र हैं। राष्ट्रपति रविवार को गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित महा-स्वतंत्रता सेनानी एवं अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी के बलिदान की शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने गुरुकुल कुरुक्षेत्र को वर्तमान में भव्य एवं प्रतिष्ठित स्वरूप प्रदान करने में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी के अथक परिश्रम, दूरदृष्टि और प्रखर विचारधारा की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर स्वामी श्रद्धानन्द शताब्दी समारोह के तहत वर्षपर्यन्त चलने वाले कार्यक्रमों हेतु विशेष लोगो भी जारी किया गया, जिसका विमोचन माननीय राज्यपाल आचार्य श्री देव्रवत जी ने सभी अतिथियों के साथ किया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने दीप प्रज्वलित कर तथा स्वामी श्रद्धानन्द जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। गुरुकुल परिसर में पहुंचने पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, प्राचार्य सूबे प्रताप, श्रीमती कविता चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रपति महोदया का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वामी श्रद्धानन्द जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने शुद्धि आंदोलन के माध्यम से हजारों लोगों की पुनः घर वापसी कराई और समाज में एकता एवं समरसता स्थापित करने के लिए आजीवन कार्य किया।

आचार्य देवव्रत ने प्रस्तुत किया गुरुकुल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा

इससे पूर्व गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने राष्ट्रपति महोदया को गुरुकुल कुरुक्षेत्र के गौरवशाली इतिहास, संस्थापक स्वामी श्रद्धानन्द जी के महान संकल्प तथा वर्तमान में संस्थान की शैक्षणिक एवं अन्य उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने पिछले दस वर्षों में एनडीए के माध्यम से 100 से अधिक उच्च सैन्य अधिकारी देश को समर्पित किए हैं। इसके अतिरिक्त मेडिकल, आईआईटी, एनआईटी एवं आईआईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में गुरुकुल के 150 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि गुरुकुल का प्राकृतिक कृषि फार्म भी रसायनमुक्त खेती के माध्यम से देश-विदेश के किसानों को नई दिशा प्रदान कर रहा है। आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि गुरुकुल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा में दक्ष बनाने के साथ-साथ उन्हें वैदिक संस्कारों, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के भाव से परिपूर्ण करना है।

राज्यपाल ने स्वामी श्रद्धानन्द जी के त्याग को किया नमन

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने भी समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी श्रद्धानन्द जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी का जीवन अदम्य साहस, त्याग, तपस्या और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की प्रेरक गाथा है। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम मानते हुए गुरुकुल की स्थापना की और भारतीय संस्कृति एवं वैदिक परंपराओं के संरक्षण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल आजीविका अर्जित करना नहीं, बल्कि ऐसे चरित्रवान नागरिक तैयार करना है जो समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

स्वामी श्रद्धानन्द के आदर्शों को नमनः मुख्यमंत्री

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वामी श्रद्धानन्द जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वामीजी ने ऐसे समय में समाज को नई दिशा देने का कार्य किया, जब देश अनेक सामाजिक कुरीतियों, अशिक्षा और पराधीनता की चुनौतियों से जूझ रहा था। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक सुधार और राष्ट्र जागरण को अपने जीवन का ध्येय बनाया। गुरुकुल की स्थापना के माध्यम से उन्होंने भारतीय शिक्षा व्यवस्था को नई पहचान दी और यह सिद्ध किया कि शिक्षा का आधार संस्कार, चरित्र, स्वाभिमान तथा राष्ट्रभक्ति होना चाहिए।

स्मृति चिह्न देकर राष्ट्रपति का किया अभिनंदन

समारोह के दौरान गुरुकुल प्रबंधन की ओर से राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का विशेष अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आचार्य देवव्रत के साथ पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी, एस.के. शर्मा एवं धर्मवीर सिंह आर्य ने राष्ट्रपति महोदया को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस गरिमामय अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, सार्वदेशिक आर्य वीर दल न्यास के प्रमुख डॉ. देवव्रत आचार्य, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के प्रधान सुरेन्द्र कुमार आर्य, डीएवी प्रबंधकत्री सभा दिल्ली के प्रधान पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा से विनय आर्य, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान धर्मवीर सिंह आर्य, अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानन्द,व्यवस्थापक रामनिवास आर्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं सफल मंच संचालन वैदिक विद्वान डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने किया।



अंबाला। सीएम नायब सैनी राष्ट्रपति का अभिनंदन करते हुए।

एयरबेस पर विशेष विमान से पहुंची राष्ट्रपति राज्यपाल और सीएम ने किया अभिनंदन

- धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में करेंगी हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर हरियाणा पहुंचीं। वायुसेना स्टेशन (एयरबेस) पर विशेष विमान से उतरने पर राष्ट्रपति का भव्य और गरिमामय स्वागत किया गया। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रदेशवासियों की ओर से उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान प्रशासनिक व सैन्य अधिकारियों ने भी उनकी अगवाई की। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रदेश भर में खासा उत्साह देखा जा रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति एक नवंबर को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आयोजित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगी।वह हरियाणा राज्य गठन के 60 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय हीरक जयंती समारोह में शिरकत करेंगी। इसके अलावा, राष्ट्रपति ऐतिहासिक गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वार्षिक समारोह में भी पहुंचेंगी, जो इस वर्ष आर्य समाज के प्रमुख स्तंभ स्वामी श्रद्धानंद महाराज के बलिदान की शताब्दी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है।राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर अंबाला से लेकर कुरुक्षेत्र तक सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। वायुसेना स्टेशन और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। रविवार को होने वाले कार्यक्रमों के लिए कुरुक्षेत्र में सुरक्षा बलों की विशेष तैनाती की गई है।

खबर संक्षेप

फोन हैक कर महिला के खाते से ठगे 70 हजार

यमुनानगर। साइबर ठगों ने महिला को एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर उसके मोबाइल को हैक कर उसके बैंक खाते से 70 हजार रुपये निकाल कर ठग लिए। महिला की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 18 निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ अक्तूबर को उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई। आरोपी ने खुद को रैपिडो कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बताया।

बुजुर्ग के खाते से निकाले ढ़ाई लाख रुपये

यमुनानगर। एटीएम से रुपये निकालने में मदद करने के बहाने एक युवक और महिला ने 76 वर्षीय बुजुर्ग का कार्ड बदलकर उसके खाते से ढ़ाई लाख रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने पहले बुजुर्ग को बातों में उलझाया और फिर दूसरा कार्ड थमा दिया। इसके बाद एटीएम और पीओएस मशीन के जरिए रकम निकाल ली। पीड़ति को अगले दिन मोबाइल पर ट्रांजेक्शन के मैसेज आने पर ठगी का पता चला। पुलिस ने अज्ञात युवक व महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वालों पर शिकंजा, 627 किए काबू, 5.18 लाख वसूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। यात्री से टिकट चेक करता जांच कर्मचारी।

उत्तर रेलवे की ओर से बिना टिकट और अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों के खिलाफ विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। फोर्ट्रेस चेक नाम से चलाए गए इस अभियान में कुल 627 मामले पकड़े गए। रेलवे ने इनसे 5 लाख 18 हजार 355 रुपए का राजस्व अर्जित किया। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा के 321 और अनियमित टिकट के 302 मामले सामने आए। इसके अलावा अन्य श्रेणी के 4 मामले भी दर्ज किए गए। अभियान में सहारनपुर की टिकट जांच टीम सबसे आगे रही। टीम ने 272 मामले पकड़कर 2 लाख 18 हजार 360 रुपए का राजस्व अर्जित किया। अंबाला छावनी की टीम ने 171 मामलों में 1 लाख 50 हजार 620 रुपए, बठिंडा की टीम ने 97 मामलों में 75 हजार 125 रुपए, सिरसा की टीम ने 58 मामलों में 56 हजार 200 रुपए और पटियाला की टीम ने 29 मामलों में 18 हजार 50 रुपए का राजस्व अर्जित किया। रेलवे अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में मंडल के अलग-अलग मुख्यालयों से टिकट जांच कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई थीं। अभियान की निगरानी मंडल वाणिज्य प्रबंधक और सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने की। रेलवे प्रशासन के अनुसार, बिना टिकट या अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों के खिलाफ आगे भी जांच अभियान चलाए जाएंगे। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान वैध टिकट लेकर ही सफर करें, ताकि जुर्माने और कानूनी कार्रवाई से बच सकें।

कपालमोचन मेले में श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम

- मेला प्रशासक एवं व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने मेला स्थल का निरीक्षण कर लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर इंतजामों का निरीक्षण करते मेला प्रशासक डॉ. कुलदीप सिंह व तीर्थ स्थल पर किया जा रहा रंग रोगन से चमकता हुआ स्थल।

उत्तर भारत के सिंधुवन में स्थित श्रीकपाल मोचन मेले के शुरु होने में अब मात्र उन्नीस दिन शेष बचे हैं। इसके लिए जिला प्रशासन रात दिन तैयारियों में जुटा है। मेले का आयोजन 20 नवंबर से 24 नवंबर तक किया जाएगा। मेले में पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए प्रशासन द्वारा इंतजाम किए जा रहे हैं। जिसे लेकर मेला प्रशासक एवं व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने मेला स्थल पर पहुंचकर इंतजामों का निरीक्षण किया। मेला प्रशासक एवं व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि जिला उपायुक्त एवं श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, श्री माता मंत्रा देवी, श्री केदारनाथ मंदिर धार्मिक एवं पूजा स्थल बोर्ड यमुनानगर की मुख्य प्रशासक प्रीति के मार्ग दर्शन में मेला के आवश्यक प्रबंधों का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। जिन्हें समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री कपाल मोचन मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां के तीनों पवित्र सरोवरों. श्री कपाल मोचन सरोवर, श्री ऋण मोचन सरोवर व श्री सूरज कुण्ड सरोवर में क्रमवार स्नान करने के लिए आते हैं। कपाल मोचन मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलें ऐसे सभी अधिकारियों के प्रयास रहेंगे।

मेला स्थल पर लगाई जाएगी भव्य प्रदर्शनी

मेला प्रशासक एवं एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि ऐतिहासिक श्रीकपाल मोचन मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाए जाएगें। मेले में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग तथा सांस्कृतिक कार्य विभाग के कलाकार गीतों, भजनों व लोक गीतों के माध्यम से विश्व प्रसिद्ध श्री कपाल मोचन श्री आदि बद्री मेला में पधारे लाखों श्रद्धालुओं व यात्रियों का मनोरंजन धार्मिक गीतों व भजनों से करेंगे।

पुलिस ने बीएस-6 से कम मानकों वाले वाहन पकड़े

पानीपत। पानीपत पुलिस ने रविवार को जीटी रोड पर समालखा के पास हल्दाना बार्डर, पानीपत के पास पर्ल ढाबा, 709 एडी और नहर बाईपास पर चार विशेष नाके लगा कर वाहनों की जांच की। पुलिस ने बीएस-6 से कम मानकों वाले वाहनों का दिल्ली में प्रवेश प्रतिबंधित, वायु प्रदूषण की जांच की। पुलिस ने जांच अभियान के दौरान बीएस-1, 2 3 श्रेणी के वाहनों के चालान कर उन्हें इम्पाउंड किया गया, जबकि बीएस-4 श्रेणी के वाहनों को डायवर्ट किया गया। पुलिस ने इस विशेष अभियान के तहत कुल 284 चालान किए गए तथा 13 वाहनों को इम्पाउंड किया गया। पुलिस ने निर्धारित आयु सीमा से अधिक पुराने वाहनों, जिनमें 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहन तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन शामिल हैं के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की।



चाकू की नोक पर शराब ठेके के सेल्समैन से छीनी नकदी, दो काबू

करनाल। गांव सुभरी स्थित शराब ठेके के सेल्समैन से चाकू दिखाकर नकदी छीनने के मामले में करनाल पुलिस की सीआईए-1 टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दीपक पुत्र महेंद्र निवासी गांव छपराखेड़ा और सोनू पुत्र महेंद्र निवासी गांव कलवेहड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक नरेश कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर देर रात मेरठ रोड से दोनों आरोपियों को काबू किया। पुलिस के अनुसार 3 जनवरी 2026 को ठेके के सेल्समैन मघर सिंह ने थाना सदर में शिकायत दी थी कि मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक ठेके पर आए थे। इनमें से एक युवक ने चाकू दिखाकर गल्ले में रखी नकदी छीन ली और अपने साथियों के साथ फरार हो गया था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों के खिलाफ चोरी और छीना-झपटी के अन्य मामले भी सामने आए हैं।

बसताड़ा टोल प्लाजा पर यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 82 वाहनों के चालान

- बिना नंबर प्लेट, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र के वाहन चलाने वालों पर कसा शिकंजा, 18 वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। बसताड़ा टोल प्लाजा पर वाहन चालकों की जांच करते यातायात पुलिसकर्मी।

यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए करनाल पुलिस ने बसताड़ा टोल प्लाजा पर विशेष जांच अभियान चलाया। थाना हाईवे प्रभारी निरीक्षक रोशन लाल और सिटी ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 82 चालान किए। इसके अतिरिक्त 18 वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट के 21, बिना बीमा के 14 और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना चल रहे 30 वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा बिना हेलमेट के 3, बिना सीट बेल्ट के 12, काली फिल्म के 5, गलत नंबर प्लेट के 4 और अनधिकृत नंबर प्लेट के 3 चालान किए गए। इसी प्रकार बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 2, लाल-नीली बत्ती के 2, तीन सवारी के 1, प्रेशर हॉर्न और सायरन के 1 तथा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने पर 1 चालान किया गया।

मांगने वाले का भेष बनाकर आया था व्यक्ति

महिला को नशीला पदार्थ सुंघा ठगी सोने की बालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गांव मांडखेड़ी में मांगने वाले का भेष बनाकर पहुंचे एक व्यक्ति ने अपने दो अन्य साथियों के साथ घर में अकेली महिला को देखकर उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर हजारों रुपये की कानों की सोने की बालियां चोरी कर ली। आरोपियों द्वारा महिला के साथ की गई इस वारदात की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव मांडखेड़ी निवासी राजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह के वक्त वह किसी रिश्तेदार के घर गया हुआ था। इस दौरान उसकी पत्नी उषा घर में अकेली थी। दोपहर साढ़े 11 बजे के करीब एक व्यक्ति सफेद रंग का कुर्ता पायजामा पहने हुए और सिर पर हरे रंग का कपड़ा लपेटा हुए उनके घर पहुंचा। इससे पहले उसने पड़ोस के घर का गेट खटखटाया। इसी दौरान उसके दो अन्य साथी भी वहां पहुंचे। आरोपी ने उससे पीने के लिए पानी मांगा। पत्नी अंदर से पानी लेकर आई और जैसे ही उसने आरोपी को पानी का गिलास पकड़ाया तो उसने उसे कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इससे उसकी पत्नी बेहोश हो गई।

पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने सजाए तीन आकर्षक फूड स्टॉल

रत्नावली में दिखी हरियाणवी संस्कृति की अनूठी छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। रत्नावली में हरियाणवी वेशभूषा पहुंचे युवा व हरियाणवी वेशभूषा में बच्ची सौम्या तथा लगाया गया फूड स्टॉल।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने तीन आकर्षक फूड स्टॉल लगाकर अपनी पाक कला, आतिथ्य सत्कार एवं प्रबंधन कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इन स्टॉलों पर बीएचएमसीटी, बीएमएस इवेंट मैनेजमेंट, एमएचएमसीटीएवं एमटीटीएम के विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों का अनूठा संगम प्रस्तुत किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष प्रो. महेंद्र चंद ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक आयोजनों में इस प्रकार की सहभागिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फूड स्टॉलों का संचालन विभाग के शेफ डॉ. राहुल, डॉ. महेश, शेफ अमित, डॉ. मेघा, डॉ. संदीप एवं डॉ. मनजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। समस्त स्टॉल प्रबंधन की जिम्मेदारी डॉ. सुरजीत कुमार को समग्र संयोजक के रूप में सौंपी गई है।

धोती-कुर्ता पहनकर पहुंचे जींद-कैथल के पांच युवा

आधुनिकता के दौर में जहां युवा तेजी से पश्चिमी संस्कृति और आधुनिक पहनावे की ओर आकर्षित हो रहे हैं, वहीं कुछ युवा ऐसे भी हैं, जो अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान को गर्व के साथ संजोए हुए हैं। सफेद धोती-कुर्ता, पारंपरिक बड़का, कंठी, डोगा और हरियाणवी जूती पहने इन युवाओं ने हरियाणा की समृद्ध लोकसंस्कृति और पारंपरिक पहनावे की खूबसूरत झलक प्रस्तुत की। छह वर्षीय सौम्या अपनी पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा के कारण आकर्षण का केंद्र बनी रही। कुरुक्षेत्र निवासी पहली कक्षा की छात्रा सौम्या ने दामण, कुर्ती, चुनरी, बोरला, कंठी, तागड़ी और जूती पहनकर हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की। हरियाणा मीडिया चौपाल के दौरान हरियाणवी संस्कृति एवं पारंपरिक पहनावे को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणवी मीडिया चौपाल के संयोजक हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया ने सौम्या को 500 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हरियाणा के बांगर क्षेत्र की यह विशिष्ट महिला-केंद्रित लोकनृत्य शैली कभी फागुन के महीने में गांवों में विशेष उत्साह के साथ प्रस्तुत की जाती थी। इसकी खासियत यह थी कि इसमें केवल महिलाएं और युवतियां भाग लेती थीं तथा पुरुषों का इसे देखना वर्जित माना जाता था।


भाजपा के रादौर विस नेता मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने लगाया आरोप

विपक्षी दल के नेताओं को आत्ममंथन करने की जरूरत

एसआईआर के नाम पर देश में आराजकता फैलाने का काम कर रही है कांग्रेस : कांबोज

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

कांग्रेस द्वारा कभी बैलेट पेपर पर चुनाव करवाने को लेकर, कभी एसआईआर का विरोध करके तो कभी ईवीएम पर ठीकरा फोड़कर देश में अराजकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। जिसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उक्त आरोप भाजपा के रादौर विस नेता मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने कांग्रेस पर लगाया। भाजपा के विस नेता मास्टर सतपाल कांबोज मंधार कहा कि चुनाव में बार बार हो रही हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने के बजाय कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए। हाल ही में चार राज्यों में हुए विधान परिषद चुनावों के परिणामों का हवाला देते हुए कहा कि बैलेट पेपर से मतदान होने के बावजूद कांग्रेस मात्र एक सीट ही जीत पाई। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में विधान परिषद की सीटों के लिए हुए चुनाव बैलेट पेपर से कराए गए। इन चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए जनता का विश्वास जीतना जरूरी है। केवल चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाने से सफलता नहीं मिलती। लोकतंत्र में जनता का फैसला सर्वोपरि है और प्रत्येक राजनीतिक दल को जनादेश का सम्मान करना चाहिए। भाजपा पार्टी अपने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता को भी पूरा सम्मान देने का काम करती है। कांग्रेस पार्टी ने जिले में 12 वर्षों बाद तो अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। कांग्रेस पार्टी में कुछ कार्यकर्ता ऐसे हैं जिसने कांग्रेस के अलावा किसी को वोट नहीं दिया। लेकिन कांग्रेस पार्टी आज तक उन तक नहीं पहुंच पाई। वहीं भाजपा पार्टी अपने कार्यकर्ताओं का हर स्तर पर साथ देती है। भाजपा में हर कार्यकर्ता अपने स्तर पर कुछ भी मुकाम हासिल कर सकता है। देश व प्रदेश में भाजपा पार्टी मजबूत स्थिति में है।



भाजपा के विस नेता मास्टर सतपाल सिंह कांबोज मंधार।

- राजनीतिक दलों को करना चाहिए जनादेश का सम्मान

कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं का जत्था दिल्ली हुआ रवाना

- पूर्व सांसद प्रोफेसर कैलाशो सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता करीब 80 वाहनों में सवार होकर दिल्ली के लिए किया प्रस्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

रादौर से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था पूर्व सांसद कैलाशो सैनी के नेतृत्व में 80 वाहनों में सवार होकर दिल्ली में आयोजित महारैली के लिए रवान हुआ। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता वाहनों में सवार होकर दिल्ली के लिए रवाना हुए। पूर्व सांसद प्रोफेसर कैलाशो सैनी के नेतृत्व में वरिष्ठ नेता विक्रम सैनी, नर सिंह पाल, सतीश दताना व ब्लाक प्रधान गुलजार सिंह नंबरदार रविवार सुबह हजारों कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए। पूर्व सांसद प्रो.कैलाशो सैनी ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र और जनता का वोटिंग अधिकार गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में रादौर की जनता चुप नहीं बैठ सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि रादौर विधानसभा क्षेत्र का हर एक कार्यकर्ता और नागरिक लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़ा है।



यमुनानगर। रादौर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के लिए रवाना होते हुए पूर्व सांसद प्रो. कैलाशो सैनी व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

गन्ने के दाम बढ़ाकर 600 रुपये प्रति क्विंटल करे सरकार : अर्जुन

- इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सिंह ने गन्ने के दाम में प्रति क्विंटल 15 रुपये की वृद्धि करने पर सरकार पर लगाया किसानों के साथ भद्दा मजाक करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सिंह सुढ़ैल ने प्रदेश सरकार पर गन्ना मूल्य में मात्र 15 रुपये की वृद्धि करना ऊंट के मुंह में जीरे के समान बताया है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया है। इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सिंह सुढ़ैल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गन्ने के समर्थन मूल्य में मात्र 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करना प्रदेश के मेहनतकश किसानों के साथ भद्दा मजÞाक है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई लगातार बढ़ रही है। खाद, बीज, डीजल, बिजली, मजदूरी व कृषि उपकरणों की कीमतें आसमान छू रही हैं। ऐसे में गन्ने के दाम में मात्र 15 रुपये की बढ़ोतरी करना किसानों की मेहनत व उनकी आर्थिक स्थिति का अपमान है। उन्होंने कहा कि इसी तरह गेहू के दाम में भी 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी कर किसानों को अपमानित करने का काम किया जा रहा है। इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सिंह ने कहा कि किसान दिन रात खेतों में पसीना बहाकर देश का पेट भरता है। लेकिन जब उसकी फसल का उचित मूल्य देने की बात आती है। भाजपा सरकार पीछे हट रही हैं। हरियाणा सरकार को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए और महगाई होने पर गन्ने का भाव 600 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ाना चाहिए। किसानों को मामूली राहत नहीं। बल्कि उनकी मेहनत का उचित मूल्य चाहिए। किसान की मेहनत का सम्मान होना चाहिए। उसके साथ मजÞाक नहीं।



यमुनानगर। रादौर में बातचीत करते हुए इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सिंह सुढ़ैल।



यमुनानगर। रविवार को अहोई माता की पूजा करतीं महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

बारहवीं कक्षा की टीम ने जीती क्विज स्पर्धा

- स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियाणा क्विज प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी(यमुनानगर) में विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रिंसीपल दीपमाला कांबोज ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की प्रिंसीपल दीपमाला कांबोज ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में ग्यारहवी व बारहवीं कक्षा के बीच हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों मुस्कान, मानवी, शिवांकी, खुशी, शगुन, लवन्या एंड सिमरन की टीम ने क्विज प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। वहीं, नौवीं व दसवीं कक्षा के बीच हुई क्विज प्रतियोगिता में 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों की टीम में शामिल अंश, भाविका, मानवी, भाविका, दिपांशी, परिधि, गरिमा एंड विदित की टीम ने जीत प्राप्त की। इसी तरह कक्षा 8वीं में चेतन्या, राघव, मयंक कक्षा छठी में दृष्टि और कार्तिक, कक्षा तीसरी में रूद्राक्ष, भव्या, अनवी, कक्षा दूसरी में आतिफ, दबांशु, शिवाय, मनंत और गोरी ने जीत हासिल की । इसी तरह कक्षा चौथी में मिहुल, वान्या,मान्या, प्रतीक, माधव, कक्षा पांचवीं में विनायक, निखिल, कशिश, दिव्यांशी, केविन व फारव की टीम ने जीत दर्ज की।



यमुनानगर। स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

स्पर्धा का उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहित करना

विद्यालय की प्रिंसीपल दीपमाला कांबोज ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से हरियाणा राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, ज्ञान एवं समझ का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उनके बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा।

महिलाओं ने धूमधाम से मनाया अहोई अष्टमी पर्व

- संतान की दीर्घायु को लेकर महिलाओं ने सूर्य उदय से लेकर सूर्यास्त तक रखा निर्जला उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

जिले भर में रविवार को अहोई (अष्टमी) माता का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने सूर्य उदय से लेकर सूर्यास्त तक निर्जला उपवास रखकर अपनी संतान की लंबी आयु, सुख समृद्धि व उज्जवल भविष्य की कामना की। रविवार सुबह के वक्त महिलाओं ने अपने घरों में अहोई माता की तस्वीर को स्थापित कर निर्जला उपवास रखा। शाम को हर घर में अहोई माता की पूजा की गई। शाम के वक्त घरों में पकवान भी बनाया गया और अहोई माता को भोग लगाया गया। इस दौरान महिलाओं ने अहोई माता की कथा का भी श्रवण किया गया। अकसर माना जाता है कि अहोई पर्व पर महिलाएं लड़कों की लंबी आयु की कामना के लिए व्रत रखती हैं। मगर जिले में महिलाओं ने लड़कियों के लिए भी व्रत रखकर उनकी लंबी आयु की कामना की है। आजाद नगर निवासी कमलेश ने बताया कि उसके पास दो लड़कियां व एक लड़का है। मगर वह लड़के साथ-साथ अपनी दोनों बेटियों के लिए भी दिन भर व्रत रखती हैं।

अपने बच्चों के लिए व्रत करती हैं माताएं

पंडित लक्ष्मण शर्मा ने बताया कि अहोई अष्टमी पर्व में महिलाओं की गहरी आस्था है। यह पर्व हिंदू समुदाय विशेषकर महिलाओं के लिए गहरा सांस्कृतिक और धार्मिक पर्व है। अहोई अष्टमी का व्रत माताएं अपने बच्चों की भलाई और लंबी उम्र के लिए देवी अहोई माता का आशीर्वाद और सुरक्षा पाने के लिए करती हैं। उन्होंने बताया कि अहोई अष्टमी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है जो बच्चों की तरक्की और दीर्घायु के लिए देवी अहोई या अहोई माता का आशीर्वाद पाने के लिए मनाया जाता है।

बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर होता है बाहरी सुख : भारती

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में हुए संत संकीर्तन कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परम पूजनीय दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री भावना भारती ने साध संगत को मानव जीवन से जुड़े गूढ़ आध्यात्मिक महत्व के बारे में अवगत करवाया। मौके पर साध्वी बहनों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर साध संगत को भाव विभोर कर दिया।

साध्वी भावना भारती ने फरमाया कि प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में सुख की खोज करता है। लेकिन विडंबना यह है कि वह सुख को केवल बाहरी परिस्थितियों, भौतिक वस्तुओं और सांसारिक उपलब्धियों में खोजता रहता है। जबकि वास्तविक सुख का स्रोत तो स्वयं उसके भीतर विद्यमान है।

साध्वी भावना भारती ने फरमाया कि यदि हम इन शब्दों के भाव को समझें तो सुख का संबंध सुंदर विचारों से है। जब मनुष्य के मन और मस्तिष्क में सुंदरए सकारात्मक एवं पवित्र विचारों का वास होता हैए तो वह सुख का अनुभव करता है। इसके विपरीत जब मन में दूषित, नकारात्मक एवं विकृत विचार उत्पन्न होते हैं तो वही मनुष्य दुःख की अनुभूति करने लगता है। इसलिए सुख.दुःख किसी बाहरी परिस्थिति की देन नहीं है। बल्कि हमारे मन की अवस्था और विचारों की अभिव्यक्ति हैं।





यमुनानगर। मानव जीवन की रहस्यों के महत्व को बताते हुए भारती व श्रवण करते हुए साध संगत।

उपलब्धि हरियाणा के 60 वर्ष पूर्ण होने पर रेलवे मार्ग स्थित कन्या महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

विकास और उन्नति के शिखर की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा हरियाणाः कंवरपाल गुर्जर

- जिलास्तरीय हीरक जयंती समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

हरियाणा प्रदेश के गठन के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को जिला प्रशासन द्वारा शहर के रेलवे मार्ग स्थित कन्या महाविद्यालय में जिलास्तरीय हीरक जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा व अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय हीरक जयंती समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन का उपस्थित लोगों ने सीधा प्रसारण देखा और सुना। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के प्रति व्यक्ति की आय अन्य प्रदेशों से अधिक है। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमामय ढंग से हुआ। इस अवसर पर एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, मार्किट कमेटी के चेयरमैन विपुल गर्ग, पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता, कृषि उपनिदेशक आदित्य डबास, आनंद सब्बरवाल व नायब तहसीलदार साढौरा कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर में कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

गौरवशाली रही है प्रदेश की विकास यात्रा

मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के गठन के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह अवसर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा, उपलब्धियों और विकास के सफर को याद करने का है। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज विकास और उन्नति के शिखर की ओर तेजी से अग्रसर है। प्रदेश ने शिक्षा, खेल, कृषि, उद्योग व आधारभूत ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। हरियाणा के मेहनती किसानों, युवाओं, खिलाड़ियों और प्रदेशवासियों के परिश्रम एवं योगदान से प्रदेश ने देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि हीरक जयंती का अवसर प्रदेश की उपलब्धियों पर गर्व करने के साथ साथ भविष्य में हरियाणा को और अधिक विकसित एवं समृद्ध बनाने के संकल्प को दोहराने का भी अवसर है।

अलीपुरा से एसके रोड तक की सड़क क्षतिग्रस्त, लोग परेशान

रादौर। रादौर क्षेत्र के गांव अलीपुरा से एसके मार्ग तक सड़क के क्षतिग्रस्त हालत होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मार्ग को तुरंत बनाए जाने की मांग की। अलीपुरा निवासी जोगिंद्र सिंह, जगमाल सिंह, सुरेश कुमार, यशपाल सिंह, रिंकू कुमार, अजायब सिंह, निर्मल सिंह व जसवंत सिंह आदि ने बताया कि अलीपुरा से एसके मार्ग रादौर तक की सड़क लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। इस सड़क को ठीक करने के लिए बार बार की गई ग्रामीणों की मांग पर करीब एक वर्ष पहले कार्य शुरू भी किया गया था। मगर उसे बीच अचानक अधर में छोड़ दिया गया। जिसके बाद से मार्ग की बनी क्षतिग्रस्त हालत से लोग परेशान हैं।

न्यूज डायरी



लाइक पब्लिक स्कूल में मनाया हरियाणा दिवस

रादौर। हरियाणा दिवस के अवसर पर लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा देवी ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए हरियाणा से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हरियाणा के इतिहास, संस्कृति, प्रसिद्ध व्यक्तित्वों, लोक परंपराओं, खेलों एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए।

रक्त की एक यूनिट से बच सकती हैं कई जिंदगियां



यमुनानगर। रोटरी कल्ब यमुनानगर के तत्वावधान में शहर के संतपुरा स्थित कन्या महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव संजीव कौशल ने भाग लिया। उन्होंने रक्तदानियों को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि एवं हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रोटरी क्लब यमुनानगर के अध्यक्ष रोटेरियन अभिषेक दत्ता ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर रोटेरियन एमएस साहनी,अश्विनी दत्ता, सचिव रोटेरियन हरविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष रोटेरियन सुमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



पालेवाला गांव की बेटी अश्विनी चौहान का सम्मान

रादौर। हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) परीक्षा में सफलता हासिल कर गांव पालेवाला की बेटी अश्विनी चौहान ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षत्रिय राजपूत धर्मशाला के पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित कर बधाई दी। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि अश्विनी चौहान की सफलता से न केवल गांव पालेवाला, बल्कि पूरे राजपूत समाज का गौरव बढ़ा है। क्षत्रिय राजपूत धर्मशाला के प्रधान पवन राणा ने कहा कि हरियाणा सिविल सर्विस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल करना मेहनत, लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। अश्विनी चौहान ने अपनी उपलब्धि से यह साबित किया है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनकी सफलता समाज की अन्य बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।



कैंपस प्लेसमेंट करते हैं रोजगार के अवसर प्रदान

रादौर। रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्चुअल कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। वर्चुअल कैंपस प्लेसमेंट में प्रतिष्ठित कंपनी प्लैनेट स्पार्क गुरुग्राम द्वारा जेएमआईटी व जेएमआईईटीआई के बीटेक, बीसीए, बीबीए व एमबीए के कुल 192 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी के सीनियर एचआर मैनेजल (टैलेंट एक्विजिशन) द्वारा प्री.प्लेसमेंट टॉक के माध्यम से विद्यार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, रोजगार के अवसरों व कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं से अवगत करवाया। वहीं, चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा, कौशल एवं संचार क्षमता का मूल्यांकन किया गया। संस्थान प्रबंधक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ साथ उन्हें औद्योगिक एवं कॉर्पोरेट क्षेत्र की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



प्रतिभा के धनी होते हैं गुरुकुल के विद्यार्थी : अनिल

रादौर। गुरुकुल खरकाली में पांचवा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में रादौर के नायब तहसीलदार अनिल कुमार व डॉ. मनीष वर्मा भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने की। समारोह में मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर व ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट निकाला। गुरुकुल के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने बताया कि कार्यक्रम में सर्व प्रथम विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट निकालकर मुख्यातिथि को सलामी दी। इसके बाद विद्यार्थियों ने योगा, दंड बैठक, मलखम, पिरामिड, लाठी चलना, पहलगाम घटना को लेकर देशभक्ति पर प्रस्तुति व देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों और पंजाबी भंगडे पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में अनुशासन देखने को मिला। मौके पर मुख्यातिथि एवं मुख्यातिथि नायब तहसीलदार अनिल कुमार ने कहा कि गुरुकुल के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।



प्राचीन पक्का घाट पर रोटरी क्लब ने की सफाई

रादौर। अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब रादौर द्वारा कस्बा के किनारे स्थित पश्चिमी यमुना नहर पर बने प्राचीन घाट पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने लोगों की प्राचीन घाट पर साफ सफाई करके कूड़ा कर्कट को उठाकर उसे निस्तारण स्थल पर पहुंचाया। अभियान का शुभारंभ रोटरी क्लब के प्रधान भारत मातिया व प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. एससी सैनी ने सफाई करके किया। रोटरी क्लब के प्रधान भारत मातिया ने बताया कि कस्बा के तट पर पश्चिमी यमुना नहर पर लोगों की आस्था का केंद्र प्राचीन पक्का घाट बनाया हुआ है। जिस पर त्योहारों व शुभ कार्यों पर लोग पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। आजकल त्योहारी सीजन चल रहा है। प्राचीन घाट पर गंदगी ना रहे इसके लिए रोटरी क्लब द्वारा साफ सफाई की गई। मौके पर क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. एससी सैनी ने रोटरी क्लब द्वारा पिछले पांच वर्षों से पक्का घाट पर रोटरी क्लब द्वारा महीने के अंतिम सप्ताह में साफ सफाई की जाती है।

खबर संक्षेप

सज्जन बने भापक मंच के चंडीगढ़ अध्यक्ष



कुरुक्षेत्र। हरियाणा सचिवालय, चंडीगढ़ में कार्यरत वरिष्ठ पत्रकार सज्जन शर्मा को भारतीय पत्रकार कल्याण मंच का चंडीगढ़ अध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति अवार्डी पवन आश्री ने चंडीगढ़ में आयोजित पत्रकारों की बैठक में की। इस अवसर पर हरियाणा सचिवालय चंडीगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान, महिपाल वालिया, विनोद कौशिक, वरिष्ठ मीडिया पर्सन राज कुमार भारद्वाज, मुकेश डोलिया, वेद पाल, मंच के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह, विकास बतान, मंजीत सिंह, कर्नाटक के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एडी कोटल, हिमाचल प्रदेशाध्यक्ष अनिल भारद्वाज, दिल्ली अध्यक्ष शशि शर्मा, कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष तरुण वधवा, वरिष्ठ पत्रकार राज कुमार सहारा, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक आरडी गोयल, संरक्षक सुभाष शर्मा, मनीष सिंधवानी, शिमला के वरिष्ठ पत्रकार पराक्रम, विक्रम, पत्रकार अदिति और चंडीगढ़ की वरिष्ठ पत्रकार नेहा वर्मा सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

दक्षिणमुखी मंदिर में 7 को होगा हनुमान जन्मोत्सव

थानेसर। ब्रह्मसरोवर स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से 7 नवंबर 2026, शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव एवं दीपावली महोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर संगीतमयी सुंदरकांड पाठ, 56 भोग प्रसाद और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक विजय कुमार शर्मा एवं पुजारी डॉ. हिमांशु शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के संरक्षक एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. प्रेम कुमार शर्मा के सान्निध्य में आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम के तहत सुबह 7 बजे हनुमान जी का विशेष श्रृंगार एवं गणवेश धारण करवाया जाएगा। सुबह 7:30 बजे ध्वजारोहण होगा, जबकि 8 बजे श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी, चाय एवं मिष्ठान का जलपान रखा है।

स्नेहा ने वेदांता मैराथन में जीता सिल्वर मेडल

लाडवा। खंड के गांव जैनपुर जाटान में खेलों के क्षेत्र में गांव का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का ग्रामीणों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर गांव के प्रतिष्ठित लोगों ने स्नेहा, प्रतिष्ठा शर्मा तथा कुशल पंडित का फूलमालाओं से स्वागत किया तथा पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। गांव की बेटी स्नेहा ने वेदांता मैराथन में 10 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता के 15 से 24 वर्ष आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं कुशल पंडित ने दिल्ली ओपन स्टेट रेस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल जीतकर गांव का गौरव बढ़ाया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर योगेश्वर दत्त शर्मा, रामचंद्र पंजेटा, दीपचंद, श्रीराम शर्मा, सोहन शर्मा, जयकुमार, फूल सिंह, बलविंद्र गिल, राजपाल, ताराचंद, अजय शर्मा, मनदीप, मोहित, मनीष, हरिचंद आदि रहे।

राष्ट्रपति ने अर्पित किए चांदी के अश्व, पीठाध्यक्ष ने भेंट किया शक्ति त्रिशूल

मां भद्रकाली के दरबार में शीश नवाकर मुर्मू ने शुरू किया दौरा

राष्ट्रपति के साथ प्रदेश के राज्यपाल असीम घोष व मुख्यमंत्री नायब सिंह रहे मौजूद, मंदिर के प्रवेश द्वार पर मुर्मू ने बजाई 105 किलो की घंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को स्मृति चिह्न भेंट करते श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर के पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में मां भद्रकाली के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति ने मंदिर में चांदी के अश्व मां के चरणों में अर्पित किए। इस दौरान मंदिर के पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा गुरुजी ने उन्हें शक्ति उपासना के प्रतीक स्वरूप शक्ति त्रिशूल सहित विभिन्न धार्मिक स्मृति चिह्न भेंट किए। राष्ट्रपति ने मां भद्रकाली के दर्शन के साथ अपने कुरुक्षेत्र दौरे का शुभारंभ किया। उनके साथ हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। रविवार सुबह करीब 9 बजे मंदिर पहुंचने पर पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा गुरुजी ने राष्ट्रपति का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंदिर में प्रवेश के समय राष्ट्रपति ने प्रवेश द्वार पर स्थापित 105 किलोग्राम की घंटी बजाई। इसके बाद उन्होंने प्राचीन परंपरा के अनुसार श्री देवीकूप में मां सती का पूजन किया और परिक्रमा की। इसके उपरांत राष्ट्रपति ने चांदी के अश्व मां के चरणों में समर्पित किए। राष्ट्रपति ने मंदिर के गर्भगृह में विराजमान स्वर्ण-रजत पोशाक से सुसज्जित मां भद्रकाली के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। मां के पवित्र चांदी चरणों का पंचामृत से अभिषेक करने के बाद श्रद्धापूर्वक आरती की।

राष्ट्रपति को भेंट किया अष्टभुजा स्वरूप पूजा विग्रह

इस अवसर पर पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा गुरुजी ने राष्ट्रपति को मंदिर की परंपराओं और शक्ति उपासना के प्रतीक स्वरूप शक्ति चुनरी, शक्ति त्रिशूल, मां की सिद्ध अष्टधातु से निर्मित अष्टभुजा स्वरूप पूजा विग्रह, शक्ति अंक, महिषासुरमर्दिनी शंख और प्रसाद भेंट किया। उन्होंने राष्ट्रपति को माताओं को समर्पित महागौरव स्थल के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रपति ने मंदिर समिति के सदस्यों के साथ सामूहिक छायाचित्र खिंचवाया। इस दौरान उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें मां के चरणों में सेवा करने का अवसर मिल रहा है।

चेतन ने राष्ट्रपति को उनका पोट्रेट भेंट किया

कैथल जिले के मुन्नारेड़ी गांव के रहने वाले चेतन अत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एक सुंदर स्केच (सिलहौटी स्केच) बनाया। इस स्केच को तैयार करने में उन्हें लगातार एक हफ्ते तक दिन-रात मेहनत करनी पड़ी। जब चेतन को राष्ट्रपति से मिलने का मौका मिला, तो उन्होंने यह स्केच राष्ट्रपति जी को भेंट किया। राष्ट्रपति जी को यह स्केच बहुत पसंद आया और उन्होंने चेतन की तारीफ की। इसके बाद उन्होंने चेतन से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा, जिस पर चेतन ने बताया कि वे डीएवी पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ते हैं। चेतन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्थानीय सांसद और प्रशासन का भी धन्यवाद किया, जिनकी वजह से उन्हें राष्ट्रपति जी से मिलने और सम्मानित होने का यह सुनहरा अवसर मिला।

मौके पर ये रहे विशेष रूप से उपस्थित

इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष डॉ. एमके मौदगिल, डॉ. संजय शर्मा, स्नेहिल शर्मा, अन्नू पॉल, निकुंज शर्मा, मीना जोशी, सचिन गर्ग, आशीष दीक्षित और पर्जन्य गौड़ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण ने गीता से दिया ज्ञान व कर्म का संदेश : सैनी



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिह्न भेंट करते माधव सेवा समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

■ केशव पार्क में आयोजित श्री खाटू श्याम जागरण में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा का विश्व भर में विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इसी पवित्र भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत के युद्ध के दौरान संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए श्रीमद्भागवत गीता का दिव्य उपदेश दिया था। गीता के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने मानव जीवन को ज्ञान, कर्म, धर्म और कर्तव्य पालन का मार्ग दिखाया। महाभारत की कथा में बर्बरीक का व्यक्तित्व भी विशेष महत्व रखता है, जिन्हें भगवान श्री कृष्ण ने आशीर्वाद प्रदान किया था और आज वे खाटू श्याम के रूप में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार देर रात कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में माधव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री खाटू श्याम जागरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर माधव सेवा समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने अहोई अष्टमी का व्रत रखने वाली सभी माताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाएं आज भी प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में प्रासंगिक हैं। गीता का संदेश हमें कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का पालन करने, सत्य के मार्ग पर चलने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, मुख्यमंत्री की मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, श्री भद्रकाली शक्तिपीठ के अध्यक्ष सतपाल शर्मा, महंत बंसीपुरी महाराज, चेयरमैन गुरनाम सैनी, चेयरमैन रविंद्र सांगवान एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

हरियाणा दिवस पर लिटिल मिलेनियम स्कूल में श्री बालाजी हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

कुरुक्षेत्र। हरियाणा दिवस के अवसर पर श्री बालाजी आरोग्यं हॉस्पिटल की ओर से लिटिल मिलेनियम स्कूल, सेक्टर-3 में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन ऑल अर्बन एस्टेट सेक्टर्स रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र, आरडब्ल्यूए सेक्टर-30, सेक्टर-3 तथा लिटिल मिलेनियम स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला मंत्री राजेंद्र सैनी, वार्ड-13 के पार्षद दुष्यंत बक्शी तथा वार्ड-10 के पार्षद पंकज खन्ना, स्कूल निदेशक परमिंदर बाठ, आरडब्ल्यूए के प्रधान डॉ. केवल कृष्ण, प्रवीण शर्मा, डॉ. नरेश सैनी, बलवान शर्मा एवं हरिकृष्ण शर्मा ने भी शिविर में सहभागिता की। श्रीबालाजी आरोग्यं हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम में डॉ. तेज शर्मा, डॉ. कमल, गौरव शर्मा एवं आकाश ने शिविर में पहुंचे लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि हरियाणा दिवस जैसे गौरवपूर्ण अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन अत्यंत सराहनीय पहल है। स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त प्रदेश का आधार हैं।





प्रेरणा वृद्धाश्रम में माताओं ने रखा अहोई अष्टमी का व्रत

थानेसर। अपनों द्वारा ठुकराई एवं घरों ने निकाली गई प्रेरणा वृद्धाश्रम में आश्रय लेने वाली माताओं ने भी अहोई अष्टमी माता का व्रत रखा। वृद्धाश्रम की बुजुर्ग माताओं ने अहोई अष्टमी का व्रत रखकर संदेश दिया कि संतान कपूत हो सकती है लेकिन माता कभी कुमाता नहीं हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में प्रेरणा वृद्धाश्रम में रविवार का दिन बहुत ही भावनात्मक बना हुआ था। वृद्धाश्रम में रहने वाली बुजुर्ग माताओं से चाहे पुत्रों ने मुंह मोड़ लिया हो परन्तु फिर भी इन माताओं ने ममता वश अपनी ऐसी संतान की भी सुख शांति समृद्धि और दीर्घायु के लिए अहोई अष्टमी माता का व्रत रखा। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जयभगवान सिंगला ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाली माताएं चाहे अपने पुत्रों द्वारा ठुकरा दी गई हैं पर उनके मन से अपने पुत्रों की ममता का सागर कभी सूखा नहीं है। वे सभी आज भी प्रभु से उनकी सुख शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। आज अहोई माता का व्रत जो संतान की सुख शांति समृद्धि और दीर्घायु के लिए रखा जाता है उन्होंने बड़े भक्ति भाव से रखा। इस अवसर पर प्रेरणा वृद्धाश्रम आशा सिंगला भी माताओं के साथ उपस्थित रही। आशा सिंगला ने अहोई माता के व्रत की कथा सबको सुनाई। प्रेरणा संस्था अध्यक्ष जसवीर गुंबर ने कहा कि यह सत्य है पुत्र तो नालायक हो सकते हैं पर मां की ममता कभी कुमाता नहीं होती है।

दिवाली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य आपसी प्रेम को मजबूत करना : राजेश

■ रोटरी क्लब लाडवा ने निजी होटल में मनाया मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा



लाडवा। दिवाली मिलन समारोह में फूलझड़ियां चलाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

रोटरी क्लब लाडवा की ओर से गत रात्रि लाडवा के एक निजी होटल में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्लब के सदस्यों ने अपने परिवारों सहित भाग लेकर दीपावली की खुशियां साझा की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक आयोजनों ने समारोह को यादगार बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्सव और उमंग का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान राजेश मिगलानी व पवनीश गोयल ने बताया कि दिवाली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य क्लब के सदस्यों एवं उनके परिवारों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारे, सहयोग और मेलजोल की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब सामाजिक कार्यों के साथ-साथ अपने सदस्यों के बीच पारिवारिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए भी समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

जयराम स्कूल के कैडेट्स ने हरियाणा दिवस पर बनाई रंगोली, संस्कृति से कराया अवगत

कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा जयराम सैनिक स्कूल में रविवार को कैडेट्स ने बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के माहौल के साथ हरियाणा दिवस मनाया। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणा के इतिहास, संस्कृति और उसकी गौरवशाली परंपराओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत में सैनिक कैडेट्स ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ओजस्वी विचार रखे, जिसमें हरियाणा के गठन 1 नवम्बर 1966 और राज्य की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसके बाद एक आकर्षक क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,। इस अवसर पर सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने हरियाणा दिवस पर सुंदर रंगोली बनाई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।





गोसेवा से बढकर कोई पुण्य नहीं : राजीव

लाडवा। लाडवा अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन एवं भारत विकास परिषद लाडवा के प्रधान राजीव आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को विशेष स्थान प्राप्त है। गायों की सेवा और उनकी रक्षा करना केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। गौशालाएं बेसहारा, बीमार और जरूरतमंद गोवंश को आश्रय देने के साथ-साथ उनकी देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राजीव आर्य लाडवा की श्रीकृष्ण गौशाला में भूमि पूजन में शामिल होने के बाद गौ भक्तों को गौदान के लिए प्रेरित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौसेवा से बढकर कोई पुण्य कार्य नहीं है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करना चाहिए। उन्होंने श्री कृष्ण गौशाला में होने वाले विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं देते हुए हरसंभव सहयोग की भावना व्यक्त की।

हरियाणवी रंग में रंगा अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल, संस्कृति व प्रतिभा का दिखा संगम

पिहोवा। हरियाणा दिवस के अवसर पर अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में हरियाणवी संस्कृति, परंपरा और लोक जीवन की ऐसी मनमोहक छटा देखने को मिली कि पूरा माहौल हरियाणा की माटी के रंग में रंग गया। बच्चों ने पगड़ी, धोती-कुर्ता सहित पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा धारण की, जबकि छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में हरियाणा की महिलाओं की संस्कृति, रीति-रिवाजों और जीवनशैली को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हरियाणा के पारंपरिक खान-पान, रहन-सहन और लोकगीतों की भी विशेष झलक देखने को मिली। स्कूल की चेयरपर्सन पूनम काहड़ा ने विद्यार्थियों को हरियाणा दिवस के इतिहास और महत्व की जानकारी दी। एमडी जन्नत काहड़ा ने कहा कि आज हरियाणा अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ-साथ प्रतिभा और उपलब्धियों के कारण भी विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।





कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी काफिले के साथ दिल्ली महारैली के लिए रवाना

कुरुक्षेत्र। कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी रविवार को अपने साथियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में आयोजित इंडिया गठबंधन की 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली के लिए काफिले के साथ रवाना हुए। रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखा गया। इस अवसर पर सुरेंद्र सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लोकतंत्र और संविधान पर हमला किया जा रहा है। वोट चोरी करके सत्ता में बने रहने की साजिश रची जा रही है, जिसे देश की जनता अब समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के वोट के अधिकार को बचाने के लिए जो मुहिम छेड़ी है, उसी के समर्थन में आज दिल्ली के रामलीला मैदान में यह ऐतिहासिक महारैली आयोजित की जा रही है। इस महारैली में इंडिया गठबंधन के सभी बड़े नेता शामिल होंगे।

हरियाणा दिवस पर गीता निकेतन में राष्ट्रभक्ति और संस्कृति का संगम

■ वल्लभभाई पटेल जयंती व हरियाणा दिवस पर दिया एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते विद्यार्थी एवं अध्यापकगण।

गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र में दयानंद सदन द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती एवं हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रीय एकता तथा हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति एवं परंपराओं से परिचित करवाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके संघर्ष, राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा देश की रियासतों के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता के माध्यम से लौह पुरुष के व्यक्तित्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय आचार्या श्रीमती मोनिका जी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाया। विद्यालय आचार्या श्रीमती रेखा शर्मा ने हरियाणा राज्य के बारे में छात्रों को विशेष जानकारी दी।

संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा अहोई अष्टमी का व्रत

अष्टमी पूजन से होता है दीपावली व गोवर्धन पूजा का शुभारंभ

वर्षों पहले महिलाएं घर की दीवारों पर गेरू, खड़िया व अन्य रंगों से अष्टमी की आकृति तैयार करती थीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अहोई माता की कहानी सुनती महिलाएं।

जिले में रविवार को अहोई अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माताओं ने अपनी संतान की सुख समृद्धि, उनकी दीर्घायु, सौभाग्य, आरोग्य, यश कीर्ति, वैभवता एवं के लिए व्रत रखकर पूजा अर्चना की। इस दिन माताएं घर की दीवारों पर अहोई अष्टमी की तस्वीर रखकर पूजा-अर्चना करती हैं। शाम के समय महिलाएं अहोई माता की कहानी सुनती हैं और विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर भोग लगाकर चांद को अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। महिला स्वीटी, किरण, सुषमा, आशा व कांता देवी ने बताया कि अहोई माता का पूजन विधि विधान के साथ करते हैं। माता सबकी मन्नतें पूरी करती हैं। सांय के समय विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर माता अष्टमी की कहानी सुनते हैं। उसके बाद व्रत खोलते हैं। कहावत के अनुसार माता अहोई अष्टमी के पूजन के साथ ही दीपावली एवं गोवर्धन पूजा और विभिन्न त्योहार का भी शुभारंभ हो जाता है। वर्षों पहले महिलाएं घर की दीवारों पर गेरू, खड़िया और अन्य कच्चे रंगों से अहोई अष्टमी की आकृति तैयार करती थीं, जिसके लिए महिलाएं एक सप्ताह पहले ही तैयारी करना शुरू कर देती थीं, लेकिन आधुनिक जमाने में घर की दीवारों पर मंहगे रंग रोगन होने के कारण और मेहनत से बचने के लिए महिलाओं ने अहोई माता का कैलेंडर लगाकर उसकी पूजा अर्चना शुरू कर दी है।

करवाचौथ व अहोई अष्टमी महिलाओं के विशेष त्योहार

परंपरा के अनुसार करवाचौथ और अहोई अष्टमी महिलाओं के लिए दो विशेष पर्व हैं। इन दोनों उत्सवों में जहां परिवार के कल्याण की भावना निहित होती है, वहीं सास के चरणों को तीर्थ मानकर उनसे आशीर्वाद लेने की प्राचीन परंपरा आज भी दिखाई देती है। इस व्रत को संतान वाली स्त्रियां करती हैं। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि अहोई अष्टमी का व्रत छोटे बच्चों के कल्याण के लिए किया जाता है, जिसमें अहोई देवी के चित्र के साथ सेई और सेई के बच्चों के चित्र भी बनाकर पूजे जाते हैं। बच्चों की सुख समृद्धि एवं उनकी दीर्घायु के साथ परिवार की उन्नति के लिए के लिए माता की अष्टमी का व्रत करती हैं।

खबर संक्षेप

कार्यशाला में साबुन बनाना सिखाया

अंबाला। बच्चों में व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और त्यौहारी सीजन की खुशियां बांटने के उद्देश्य से जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा ऑब्जर्वेशन होम में रहने वाले बच्चों के लिए एक विशेष साबुन बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। आगामी त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते इस कार्यशाला को विशेष रूप से तैयार किया गया था ताकि बच्चों को एक उत्पादक कौशल सीखने और रचनात्मक रूप से जुड़ने का अवसर मिल सके। इस विशेष अवसर पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र मलिक और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गीतांजलि गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

नशा मुक्ति केंद्र का किया मुआयना

अंबाला। कल्याणकारी व स्वास्थ्य सेवाओं और पुनर्वास उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयास के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गीतांजलि गोयल ने मनौविज्ञान शाला एवं नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य केंद्र में उपचार एवं पुनर्वास प्राप्त कर रहे आवासियों और मरीजों को प्रदान की जा रही जमीनी सुविधाओं, चिकित्सा देखभाल, मनोवैज्ञानिक सहायता और समग्र जीवन-स्थिति का आंकलन करना था। इस दौरान केंद्र संचालकों को हिदायतें भी दी गई।

पेंशन भोगियों से योजना का लाभ उठाने का आह्वान

अंबाला। सहायक लेखा अधिकारी सहजवीर सिंह ने बताया कि समस्त रक्षा पेंशन भोगियों (आर्मी, नेवी, एयरफोर्स एवं रक्षा सिविलियन) के लिए स्पर्श सेवा केंद्र जगाधरी रोड़ की ओर से 30 नवंबर तक राष्ट्रीय डिजिटल लाइव सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 5.0 आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत रक्षा पेंशन भोगियों को डीएलसी जमा करवाने में सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने इस अभियान के अंतर्गत सभी पात्र रक्षा पेंशन भोगियों से आग्रह किया है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं।

दो युवतियां संदिग्ध हालात में लापता

जींद। अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। सफीदो निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 24 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गइ। वहीं खेड़ाखेमावती से भी बीती रात 20 वर्षीय युवती रात को घर से गायब हो गई।

केंद्रीय गृह मंत्री पांच को शहीद स्मारक का उद्घाटन करेंगे

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीद स्मारक के उद्घाटन को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

अंबाला से बजा था 1857 में आजादी की पहली लड़ाई का बिगुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला की धरती इतनी पवित्र धरती है कि आजादी की पहली लड़ाई 10 मई 1857 को यहीं से शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि मेरठ से भी 9 घंटे पहले यहां 5वीं और 60वीं नेटिव इंफेंट्री के सैनिकों ने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल बजाया था। उन्होंने कहा आजादी की पहली लड़ाई देश में सबसे पहले अंबाला से प्रारंभ हुई और इसका सभी को गर्व होना चाहिए। विज बीपीएस प्लेनेटोरियम में आगामी 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक के उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को शहीद स्मारक पर बने पांच मिनट की लघु फिल्म भी स्क्रीन पर दिखाई गई।



अंबाला। मीटिंग में पहुंचे मंत्री अनिल विज का अभिनंदन करते कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

आय में इजाफा होगा

5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शहीद स्मारक के उद्घाटन के लिए शायद हैलीकॉप्टर से स्मारक में आ सकते हैं क्योंकि यहां हैलीपैड का भी निर्माण किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह 5 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में गांधी ग्राउंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल हों। उन्होंने बताया वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी से कल मिलकर आए और दिखाकर आए कि हमने यहां क्या बनाया जिसपर अमित शाह ने शहीद स्मारक की बहुत सराहना की है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 1857 में आजादी की लड़ाई को समर्पित यह राष्ट्रीय स्मारक है और सारे देश में ऐसा स्मारक नहीं है जिसमें नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। स्मारक बनाने के लिए देश के प्रसिद्ध इतिहासकारों की कमेटी भी बनाई गई थी। अब लोग देखने के लिए यहां आएंगे जिससे विभिन्न प्रकार के व्यवसायों की आय में इजाफा होगा।

ये रह मौजूद

विज ने कहा कि वह पिछले लगभग 30 वर्षों से मांग उठा रहे हैं कि आजादी की पहली लड़ाई के शहीदों को सम्मान देने के लिए उनका स्मारक अंबाला छावनी में बनाया जाए क्योंकि यहीं से लड़ाई शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने किताबों में यही पढ़ा था कि आजादी की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी, लेकिन जब उन्होंने और किताबें पढ़ी तो पता लगा कि कांग्रेस का जन्म सन 1885 में अंग्रेज एओ ह्यूम ने किया था, मगर कांग्रेस के जन्म से 28 वर्ष पहले एक आजादी की सशस्त्र लड़ाई सारे देश में लड़ी गई, हजारों लोगों को पेड़ों से बांध-बांधकर गोलियों से मारा गया, अनेकों को फांसी दी गई, उसका आंकड़ा इतना ज्यादा है कि लोग सुनकर भी हैरान हो जाते हैं। मगर उनको जिन्होंने अंग्रेज हकूमत से आजादी लेने के लिए आवाज उठाई उनको कभी किसी ने याद नहीं किया, कभी किसी ने उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी, कभी किसी ने उनके लिए आंसू नहीं टपकाए। उन्होंने कहा कि 1857 की लड़ाई को समर्पित यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक है जहां देशभर में हुई लड़ाई दिखाई गई है। स्मारक में 22 गैलरियां है और सभी गैलरियां देखने के लिए लगभग छह घंटे का समय लगेगा। स्मारक में हमने एक गैलरी उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाई है। यह वो शहीद है जो गलती हम करते आ रहे है उनको न याद करके, उन गुमनाम शहीदों के नाम श्रद्धांजलि अब देखे और श्रद्धांजलि देने वालों का पूरा डिजिटल रिकार्ड भी यहां बनाया जाएगा। देश की आजादी के लिए यदि किसी ने एक पैर भी घर से बाहर निकाला वह उसको भी नमन करते है, मगर इतने लोग जो शहीद हुए हम उनको भूल जाए इससे बड़ी ज्यादती नहीं हो सकती। उन्होंने बताया लगभग 800 करोड़ रुपए की लागत से शहीद स्मारक बनकर तैयार हुआ है जिसमें कमल का फूल भी लगाया गया है जोकि 63 मीटर ऊंचा है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि 1857 में 26 मार्च से मारतीय ने अंग्रेजों की कोठियों को आग लगाना शुरू कर दिया था। उसका पूरा रिकार्ड मौजूद है कि किस दिन किसी कोठी पर आग लगाई गई। उन्होंने कहा 10 मई को रविवार था और सैनिकों ने चर्च में एकत्रित अंग्रेज अफसरों को घेरकर लड़ाई शुरू करने की योजना बनाई थी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद के अलावा भाजपा नेता संजीव सोनी, जसबीर जस्सी, मदनलाल शर्मा, बीएस बिंद्रा, राजीव डिंपल, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, विपिन्न खन्ना, सुरेंद्र बिंद्रा, बलविंद्र सिंह शाहपुर, अजय बवेजा, आशीष अग्रवाल, भरत कोछड़, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, विकास बहगल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला स्तरीय हीरक जयंती समारोह में बोले भाजपा जिला अध्यक्ष

नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर उन्नति कर रहा : मनदीप





कार्यक्रम में प्रस्तुति देती व सम्मानित होती छात्राएं।

छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां देकर लूटी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय हीरक जयंती समारोह का आयोजन रविवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, सीईओ जिला परिषद् गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, एसडीएम सतिंद्र सिवाच व नगराधीश अभिषेक गर्ग ने दीपशिखा प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले कुरूक्षेत्र से राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल प्रक्रिया के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हरियाणा दिवस पर दिया संदेश सभी ने लाइव देखा। समारोह के मौके पर सीईओ जिला परिषद् गगनदीप ने हरियाणा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश अपने गठन के 60 वर्ष पूरे करके हीरक जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह हम सबके लिए ऐतिहासिक क्षण एवं गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में हरियाणा दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में पंचायत भवन में भी जिला स्तरीय हीरक जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने सभी को हरियाणा दिवस की बधाई देते कहा कि आज बहुत ही खुशी का क्षण है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर है। हरियाणा, देश का ऐसा एक मात्र राज्य है जहां पर 24 फसलों पर एमएसपी देने का काम किया गया है। हरियाणा ऐसी भूमि है जहां पर भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया है। पूरे विश्व में हरियाणा के खिलाडिय़ों ने अपनी प्रतिभा के बल पर अनेकों मेडल जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में हर क्षेत्र में कार्य किए जा रहे है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देने वाले प्रतिभागियों की भी प्रंशसा की।

विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया

कुरूक्षेत्र से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल प्रक्रिया के माध्यम से सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा हरियाणा की संस्कृति, खेल जगत, किसानों की खुशहाली व अन्य क्षेत्रों में जो उपलब्धियां हासिल की गई है उसे एक लघु फिल्म के माध्यम से दिखाने का काम भी किया। यहां आयोजित कार्यक्रम में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कू ल पुलिस लाइन के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, विद्यार्थी जानवी द्वारा सरस्वती वंदना, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रामपुर सरसेहड़ी के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य की बेहतर प्रस्तुति दी गई। प्रसिद्ध कलाकार सन्नी स्वराग द्वारा जय-जय-जय हरियाणा, देशा मा देश हरियाणा जित दूध दही का खाणा के साथ-साथ, देश भक्ति गीतों की बेहतर प्रस्तुति दी गई। उपस्थित सभी ने तालियां बजाकर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों के साथ-साथ विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। मंच संचालन की भूमिका देवराज शर्मा द्वारा बखूबी निभाई गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डीआरओ प्रदीप चहल, डिप्टी डीईओ ज्योति सभरवाल, बीईओ सतबीर सैनी, डीआईओ अंकित भी उपस्थित रहे।



अंबाला। बच्चों के साथ अंग्रेजी अध्यापिका सुमन। फोटो :हरिभूमि

अंग्रेजी सीखने के लिए बच्चों में डर नहीं रुचि पैदा कर रहीं अध्यापिका सुमन

- मंडोर स्कूल में गतिविधियों से अंग्रेजी सिखाने पर जोर, स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की पहल बनी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सरकारी स्कूलों मे शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के साथ बच्चों को अंग्रेजी भाषा में निपुण बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अब छोटी कक्षाओं से ही बच्चों को अंग्रेजी पढ़ने, समझने और बोलने का अभ्यास करवाने पर जोर दिया जा रहा है। शिक्षा विभाग की इस पहल को सफल बनाने में अध्यापकों की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण है। इसी दिशा में राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर की अध्यापिका सुमन भरपूर प्रयास कर रही है। बच्चों को अंग्रेजी सिखाने के लिए केवल किताबों तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए उन्हें कक्षा में बोलने, सुनने और नए शब्द सीखने के अवसर देने जरूरी है। इसी सोच के साथ बच्चों को अलग अलग शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी सीखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों की झिझक दूर करना और उनमें अंग्रेजी के प्रति रुचि पैदा करना है। प्रदेश सरकार भी सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी भाषा की शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। हाल ही में शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 270 से अधिक सरकारी प्राथमिक स्कूलों का पुनर्गठन किया है।

नए तरीकों से पढ़ाएं

प्रदेश में निपुण हरियाणा मिशन के तहत भी बच्चों की शुरुआती शिक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। इस मिशन में हिंदी और अंग्रेजी की बुनियादी समझ के साथ गणित की जानकारी विकसित करना प्रमुख लक्ष्य है। अध्यापिका सुमन का प्रयास इसी सोच को आगे बढ़ाने का एक अच्छा उदाहरण है। सरकारी स्कूलों में यदि शिक्षक इसी तरह मेहनत और नए तरीकों से बच्चों को पढ़ाएं तो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी बेहतर अवसर मिल सकते हैं। अंग्रेजी भाषा में अच्छी पकड़ बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ भविष्य में उच्च शिक्षा और रोजगार के नए रास्ते खोलने में मदद्गार साबित हो सकती है।



अंबाला। नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते अध्यक्ष।

पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, सात को मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सर्वधर्म समाज कल्याण सोसायटी की एक आवश्यक बैठक सोसायटी कार्यालय, बसंत बिहार में चेयरमैन निर्मल सिंह रंधावा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सोसायटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर देवेंद्र शर्मा को प्रधान, एडवोकेट देवी दयाल भारद्वाज को महासचिव, राजेंद्र कौशिक (राष्ट्रपति अवार्डी) को कन्वीनर, धर्म सिंह जस्सल को कार्यकारी प्रधान, जगदीश लाल शर्मा को मुख्य सलाहकार, एडवोकेट अरुण कुमार कौशिक को कानूनी सलाहकार, संजय गौड़ को सचिव, सुभाष शर्मा को प्रेस इंचार्ज तथा जोगेंद्र सिंह एवं सुखविंद्र सिंह को लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त सुशील बख्शी, सुरेश कुमार नरैया एवं लोकेश कुमार शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। प्रधान देवेंद्र शर्मा ने बताया कि सोसायटी की ओर से दीवाली मिलन समारोह 7 नवंबर 2026 (शनिवार) को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

चिराग पब्लिक स्कूल में मनाया हरियाणा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

स्थानीय पटेल नगर स्थित चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणवी संस्कृति, परंपराओं एवं लोकजीवन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मानवीय श्रृंखला के माध्यम से हरियाणा का मानचित्र एवं हरियाणा डे की सुंदर आकृति बनाकर अपनी रचनात्मकता और उत्साह का परिचय दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक रीति-रिवाजों, लोक परंपराओं तथा हरियाणवी बोली के महत्व से परिचित करवाया गया। बच्चों ने कम समय में तैयारी करके बेहद शानदार प्रस्तुति दी और अपनी संस्कृति के प्रति गर्व एवं सम्मान की भावना प्रदर्शित की। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों ने विशेष मेहनत, लगन एवं मार्गदर्शन दिया।

हॉकी प्रतियोगिता पर टीम उगाला का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हॉकी अम्बाला द्वारा हरियाणा दिवस के अवसर पर सिक्स-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन फरूका खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड अंबाला कैंट में किया गया। इस टूर्नामेंट में जिले की लड़कों की 7 टीमों और लड़कियों की 6 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रेजिडेंट एचएसजीपीसी सरदार सुदर्शन सिंह सहगल मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और हॉकी अंबाला को 21,000* अतुल कुमार शर्मा ने 11000 , की सहयोग राशि देने की घोषणा की। समारोह में बीएस कांबोज, लॉयन अतुल कुमार शर्मा , दिनेश कांत जिंदल और कुलभूषण शर्मा ने भी मुख्य अतिथि के तौर पर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। लड़कों के वर्ग में प्रथम स्थान टीम उगाला व द्वितीय स्थान-फारुख खालसा सीनियर सैकेंडरी स्कूल की टीम को मिला। तृतीय स्थान पर कोचिंग सेंटर अंबाला कैंट की टीम रही। लड़कियों के वर्ग में प्रथम स्थान कोचिंग सेंटर अंबाला कैंट टीम को मिला। द्वितीय स्थान टीम उगाला व तृतीय स्थान पर टीम पुलिस लाइन अंबाला शहर रही। बेस्ट प्लेयर (बॉयज) - देवेंदर बेस्ट प्लेयर इशिका, बेस्ट गोलकीपर (बॉयज) - प्रवीण बेस्ट गोलकीपर (गर्ल्स) - भारतीय को मिला। मुख्य अतिथि दिनेश नाथ जिंदल ने दोनों प्रथम आई विजेता टीमों को पांच 5000 की नगद राशि इनाम के रूप में दी हॉकी अंबाला के मुख्य संरक्षक राजिंदर विज ने अतिथियों एवं खिलाड़ियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर हॉकी अम्बाला के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



अंबाला। विजेता खिलाड़ी मुख्यअतिथियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग

वास्तविक सुख बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं होता : स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परम पूजनीय दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी योगेशानंद ने मानव जीवन से जुड़े गूढ़ आध्यात्मिक तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में सुख की खोज करता है किन्तु विडंबना यह है कि वह सुख को केवल बाहरी परिस्थितियों, भौतिक वस्तुओं और सांसारिक उपलब्धियों में खोजता रहता है, जबकि वास्तविक सुख का स्रोत तो स्वयं उसके भीतर विद्यमान है। सुख और दुःख की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि यदि हम इन शब्दों के भाव को समझें तो 'सुख' का संबंध सुंदर विचारों से है। जब मनुष्य के मन और मस्तिष्क में सुंदर, सकारात्मक एवं पवित्र विचारों का वास होता है, तो वह सुख का अनुभव करता है। इसके विपरीत जब मन में दूषित, नकारात्मक एवं विकृत विचार उत्पन्न होते हैं, तो वही मनुष्य दुःख की अनुभूति करने लगता है। अर्थात सुख-दुःख किसी बाहरी परिस्थिति की देन नहीं, अपितु हमारे मन की अवस्था और विचारों की अभिव्यक्ति हैं। उन्होंने इस तथ्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक ही परिस्थिति में एक व्यक्ति प्रसन्न रह सकता है।



साप्ताहिक सत्संग में प्रवचन करती साध्वियां।

मधुर स्वर लहरियों ने भक्त जनों को किया भाव-विभोर

वास्तव में परिस्थितियाँ नहीं, बल्कि उन्हें देखने का हमारा दृष्टिकोण और मन की स्थिति हमारे सुख-दुःख का निर्धारण करती है। साध्वी जी ने कहा कि मनुष्य जब तक अपने मन को सकारात्मक बनाने और विचारों को पवित्र करने का वास्तविक मार्ग नहीं जानता, तब तक वह स्थायी सुख की प्राप्ति नहीं कर सकता। यह आत्मिक परिवर्तन पूर्ण सद्गुरु की शरण में जाकर ही संभव है। परम पूजनीय गुरुदेव आशुतोष महाराज जी द्वारा प्रदत्त ब्रह्मज्ञान मनुष्य को उसके वास्तविक स्वरूप से परिचित करवाता है। उसे परमात्मा से जुड़ने का दिव्य मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि परमात्मा का स्वरूप सत-चित-आनंद है। वह आनंद किसी क्षणिक सांसारिक उपलब्धि अथवा बाहरी सुख-सुविधा पर निर्भर नहीं करता, अपितु वह शाश्वत एवं अनंत है। जब मनुष्य ब्रह्मज्ञान के माध्यम से उस परम आनंद स्वरूप परमात्मा से जुड़ता है, तभी उसे वास्तविक सुख की अनुभूति होती है। इसलिए जीवन का उद्देश्य आध्यात्मिक ज्ञान, गुरु भक्ति और परमात्मा के माध्यम से आनंदमय बनाना होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भावपूर्ण भजन-कीर्तन का गायन किया गया, जिसकी मधुर स्वर लहरियों ने भक्त जनों को भाव-विभोर कर दिया और पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा। विश्व शांति की प्रार्थना हेतु सामूहिक ध्यान साधना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005